Regarding jailed gangster Lawrence Bishnoi

श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग **(लुधियाना) :** महोदया, मैं देश के एक बड़े गैंगस्टर के बारे में बात करना चाहता हूँ, जिसका नाम लॉरेंस बिश्नोई है और जिसका आतंक पूरे देश में है । आजकल वह गुजरात की साबरमती जेल में बंद है । इसने दुनिया के मशहूर कलाकार सिद्धू मूसे वाला को मारा है । यह कहता है कि मैं सलमान खान को मारूँगा । पंजाब के अंदर उसका आतंक चरम पर है । वह व्यापारियों से फिरौती लेता है और जो व्यापारी फिरौती नहीं देता है, उसे मार दिया जाता है । कल क्या हुआ, जेल के अंदर से उसका इंटरव्यू आया है । पिछले 6 महीने पहले हमने शोर मचाया, हाई कोर्ट ने कॉग्निजेंस लिया, उसके बाद कल पता चला कि पुलिस के लोगों ने सीआईए में, जहाँ इंटैरोगेशन होता है, वहाँ पर एक बड़े मशहूर चैनल पर उसका इंटरव्यू आया । एक पंजाब में हुआ और एक राजस्थान में हुआ । जब वह कोर्ट में जाता है तो ऐसे चलता है, जैसे देश का? * जाता हो । वह व्यक्तियों का कत्ल करता है । क्या केंद्र सरकार उसके बारे में कुछ करेगी या नहीं करेगी? वह रोजाना लोगों को मारने का काम करता है । ये बाहर की बातें करते हैं, लेकिन देश में जिस बंदे ने आतंक फैला रखा है, इन्हें उसके बारे में कुछ करना चाहिए ।? (व्यवधान)

श्री बृजमोहन अग्रवाल **(रायपुर) :** महोदया, देश का? वाला शब्द विलोपित करवा दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं देख लूँगी । जो भी शब्द वैसा होगा, हम उसे देख लेंगे ।